## संपादकीय

# खाकर लड्डू पछताने का अहसास

पहली बार किसी एंबुलेंस के पीछे लिखी एक मजेदार पंक्ति पढ़ी– 'एंबुलेंस हो या बारात, तुरन्त रास्ता दो, दोनों जिंदगी की जंग लड़ने जा रहे हैं। ओखली में सिर देना मुहावरे का अर्थ बताते हुए एक विद्यार्थी ने कहा– शादी के लिये हां करना और पापों की सज़ा मिलने का अर्थ अध्यापक ने बताया, शादी हो जाना।

एक बार इस बात पर मंथन हो रहा था कि शादी में वर-वधू को सात फेरे ही क्यों लगवाये जाते हैं? सबके अपने-अपने विचार थे। एक चतुर ने अटूट तर्क देते हुए कहा कि प्रत्येक फेरा 360 डिग्री का होता है और 360 एक ऐसी संख्या है जो केवल सात से विभाजित नहीं होती। और इसलिये भारतीय परम्पराओं में सात फेरों का संबंध अविभाज्य माना जाता है। पर अब यह रिश्ता अविभाज्य नहीं रहा। तार-तार हो रहा है। कोई करोड़ों रुपये खर्च कर विवाह रचाये या अपनी हैसियत के हिसाब से हजारों अथवा लाखों में, अब इस बात की कोई गारंटी नहीं रही कि शादी के बाद पति-प ी की सैटिंग बैठ ही जायेगी। वे दिन भी गये जब मार-कूटकर बहुओं को निकाल दिया करते थे या दहेज ही गठबंधन टूटने का इकलौता कारण हुआ करता। अब तो मामूली-सी बात पर और कई बार बिना किसी बात के भी विवाह के परखच्चे उड़ जाते हैं।

एक लड़की ने अपनी सहेली से पूछा, तुझे पता है खुशियां किसे मिलती हैं? सहेली का जवाब चौंकाने वाला था, बोली– मुझे नहीं पता, मेरी तो छोटी उम्र में शादी हो गई थी। शादी के बाद व्यक्ति और कुछ करे न करे पर पश्चाताप जरूर करता है। कहते हैं कि एक बार एक शादीशुदा आदमी भाषण दे रहा था कि लोग कहते हैं कि शादी के बाद इतने साल गुजर गये कि पता ही नहीं चला, पर मैं कहता हूं कि उनकी बातों में मत आना, पता चलता है और रोज पता चलता है।

एक बार किसी निकाह के दौरान मौलवी ने पूछा, इस शादी पर किसी को कोई एतराज़ है? एक आवाज़ आई, हां, मुझे है। मौलवी ने बोलने वाले को झिड़कते हुए कहा, तुम चुप रहो। तुम्हें तो जिंदगी भर ही एतराज रहेगा क्योंकि तुम तो दूल्हे हो।

# पैसों की टेंशन छोड़िए, मोदी सरकार ऐसे पूरे करेगी बजट के वादे

नई दिल्ली। पीयूष गोयल का बजट भाषण सुनने के बाद पूरे दिन चर्चा होती रही कि सरकार अपने सारे महत्वाकांक्षी चुनावी वादों के लिए पैसे कहां से लाएगी. सरकार की दरियादिली का लाभ जिन चार क्षेत्रों को मिलेगा, उनमें कृषि व ग्रामीण अर्थव्यवस्था, मध्यमवर्ग, रियल्टी व आवासीय क्षेत्र और असंगठित क्षेत्र हैं. सरकार को अब इन परियोजनाओं के लिए धन जुटाना है. आगामी चुनाव से पहले लोकलुभावन योजनाओं की झड़ी लगाने के बाद मोदी सरकार अपने बजटीय घाटे को संतुलित करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आबीआई) और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के पास जाएगी.बजट दस्तावेज के अनुसार, सरकार को बैंकों, वित्तीय संस्थानों और आरबीआई से



लाभांश के जरिए 82,911 करोड़ रुपये मिलने का अनुमान है.

### बजटीय अनुमान 52,500 करोड़ रुपये

चालू वित्त वर्ष में भी सरकार को 74,140 करोड़ रुपये मिलने का अनुमान है, जोकि 54,817 करोड़ रुपये के बजट आकलन से काफी अधिक है. वर्ष 2019-20 में पीएसयू लाभांश के रूप में 53,200 करोड़ रुपये हासिल करने का सरकार का लक्ष्य है. इस साल सरकार को हस्तांरित होने वाला लाभांश करीब 10,000 करोड़ रुपये होगा या बजटीय अनुमान 52,500 करोड़ रुपये का करीब 20 फीसदी होगा.सूत्रों के अनुसार, हालांकि सरकार इनमें से कुछ कंपनियों पर उनको अपना शेयर वापस खरीदने का दबाव बना रही है, क्योंकि विनिवेश से प्राप्त होने वाला सरकार का राजस्व डगमगा गया है. सरकार सीपीएसई बायबैक के माध्यम से इस वित्त वर्ष में करीब 12,000 से 20,000 रुपये की रकम जुटा सकती है.

### केंद्रीय बैंकों से आएंगे 28,000 करोड़

वित्तमंत्री द्वारा अंतरिम बजट (Interim budget) पेश करने के बाद आर्थिक मामले विभाग के सचिव सुभाष चंद्र गर्ग ने कहा कि सरकार अंतरिम लाभांश के रूप में केंद्रीय बैंक से 28,000 करोड़ रुपये प्राप्त करने की उम्मीद कर रही है. आरबीआई ने पिछले साल अगस्त में 40,000 करोड़ रुपये लाभांश का भुगतान किया था. अतिरिक्त मांग की जा रही है, क्योंकि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) से प्राप्त राजस्व एक लाख करोड़ रुपये के मासिक लक्ष्य से बहुधा कम रहा है.

### नियोजित बिक्री से 80,000 करोड़ जुटाएगी सरकार

इसके अतिरिक्त, सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों में सरकार द्वारा नियोजित बिक्री अब भी लक्ष्य से कम है, फिर भी वित्तमंत्री 80,000 करोड़ रुपये के अनुमान को पार करने को लेकर आश्वस्त हैं.

# मोदी सरकार की इस योजना में 84 रुपए महीने जमा कर पा सकते हैं साल के 24 हजार

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव से पहले पेश हुए अंतरिम बजट में मोदी सरकार ने अलग-अलग वर्गों को लुभाने की कोशिश की है. किसानों, नौकरीपेशा के अलावा सरकार ने गरीब कामगरों को भी बड़ा तोहफा देने का ऐलान किया है. वित्त मंत्री पीयूष गोयल ने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए प्रधानमंत्री श्रम योगी मंथन (Pradhan Mantri Shram Yogi Mandhan) योजना की घोषणा की है. इस योजना के तहत 100 रुपये प्रति माह चुकाने पर कामगरों को 60 साल की आयु के बाद हर महीने 3 हजार रुपये की पेंशन मिलेगी.



**15 हजार से कम इनकम वाले ही इस दायरे में आएंगे**

सरकार की तरफ से असंगठित क्षेत्र के 10 करोड़ कर्मचारियों को रिटायरमेंट के बाद न्यूनतम पेंशन की गारंटी दी जाएगी. सरकार की तरफ से शुरू की गई इस योजना का फायदा ऐसे मजदूरों को मिलेगा जिनकी मासिक आमदनी 15 हजार रुपये से कम है. सरकार के इस कदम का फायदा घरों में काम करने वाली मेड, ड्राइवरों, प्लबंर, बिजली का काम करने वाले कामगारों को मिल सकता है. यानी ऐसे लोग जो मासिक आधार पर 15 हजार से कम कमा पाते हैं, उनको इस दायरे में लाया जाएगा.

**नई योजना का फायदा 10 करोड़ लोगों को होगा**

पीयूष गोयल ने कहा कि अंतरिम बजट 2019 का फायदा 10 करोड़ कामगारों को होगा.

# मारुति सुजुकी की बिक्री में मामूली तेजी

नई दिल्ली। निर्यात और मिड साइज की कार सियाज की बिक्री में रही जबरदस्त गिरावट के दबाव में देश की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी की कुल बिक्री में जनवरी 2019 में 0.2 फीसदी की मामूली बढ़त के साथ 1,51,351 वाहन से 1,51,721 वाहन रही। कंपनी द्वारा आज जारी वाहन बिक्री के आंकड़ों के मुताबिक अलोच्य माह में उसके यात्री कारों की बिक्री 4.1 फीसदी घटकर 1,06,246 इकाई से 1,01,865 इकाई रह गयी। इस अवधि में मिनी कारों की श्रेणी में कंपनी के ऑल्टो और वैगन आर की बिक्री 0.3 फीसदी की बढ़त के साथ 33,316 इकाई से 33,408 इकाई हो गयी। कॉम्पैक्ट श्रेणी की स्विफ्ट, सेलेरियो, इग्निस, बैलेनो और डिजायर की बिक्री 3.5 प्रतिशत घटकर 67,868 इकाई से 65,523 इकाई हो गयी। इस दौरान मिड साइज के सियाज की बिक्री में 42.0 प्रतिशत की जबरदस्त गिरावट रही जिससे इसका आंकड़ा 5,062 वाहन से घटकर 2,934 वाहन रह गया। घरेलू बाजार में एस क्रॉस, वितारा ब्रेजा, एर्टिगा और जिप्सी जैसे यूटिलिटी वाहनों की बिक्री जनवरी 2019 में 8.4 प्रतिशत बढ़कर 20,693 इकाई से 22,430 इकाई हो गयी। इस दौरान ओमनी और ईको वैन की बिक्री 23.6 प्रतिशत बढ़कर 12,250 इकाई से 15,145 इकाई हो गयी।




# भगवान शिव को इस वजह से लेने पड़े ये अवतार

अधिकतर सभी लोगों को पता है कि भगवान विष्णु के कितने अवतार लिए और उनका उद्देश्य क्या था लेकिन बहुत कम लोग ऐसे हैं जिन्हें भगवान शिव के अवतारों के बारे में जानकारी है। शास्त्रों के अनुसार भगवान शिव ने भी विष्णु जी की तरह अनेक अवतार लिए। हम आपको यहां भगवान शिव के कुछ प्रमुख अवतारों के बारे में बता रहे हैं, आइए जानते हैं क्यों लेने पड़े भगवान विष्णु को ये अवतार....



***भैरव अवतार –*** शास्त्रों के अनुसार, जब ब्रह्मा ने शिव की वेशभूषा और उनके गणों की रूपसज्जा को देखकर उन्हें तिरस्कारयुक्त शब्द कहे तो इस अपमान से शिवजी के शरीर से उसी समय एक प्रचण्डकाय काया प्रकट हुई और वह ब्रह्मा का संहार करने के लिए आगे बढ़ी, ब्रह्मा जी ये देखकर भय से चीखने लगे, शिवजी ने ब्रह्मा जी को भयभीत देखकर अपनी काया को शांत किया। रूद्र के शरीर से उत्पन्न उसी काया को भैरव का नाम मिला और इस प्रकार शिवजी ने भैरव अवतार धारण किया।

***शरभ अवतार –*** भगवान शिव का शरभ अवतार अपने आधे पक्षी और आधे शेर के शरीर के लिए जाना जाता है। शास्त्रों के अनुसार, जब भगवान विष्णु ने हिरण्यकश्यप के अत्याचारों से सृष्टि और भक्त प्रहलाद को मुक्त करने के लिए नरसिंह अवतार लिया तो उन्होंने हिरण्यकश्यप का वध तो कर दिया लेकिन भगवान नरसिंह के क्रोध को शांत करना असंभव हो गया। ऐसे में भगवान नरसिंह के क्रोध को शांत करने के लिए सभी ने शिवजी की स्तुति की और नरसिंह को नियंत्रित करने के लिए शिव ने शरभावतार धारण किया।



***किरात अवतार –*** शास्त्रों के अनुसार, जब अर्जुन भगवान शंकर को प्रसन्न करने के लिए तपस्या कर रहे थे, तब दुर्योधन ने अर्जुन को मारने के लिए मूड़ नामक दैत्य को शूकर (सुअर) का रूप धारण कराकर वहां भेजा। अर्जुन ने शूकर पर अपने बाण से प्रहार किया, उसी समय भगवान शंकर ने भी किरात वेश धारण कर उसी शूकर पर बाण चलाया। किरात वेश धारण किए शिवजी को अर्जुन नहीं पहचान पाए और उनसे वध करने लगे।



# डाक घर में जमा राशि पर टीडीएस सीमा बढ़ी

नई दिल्ली। छोटे बचतकर्ताओं को बड़ी राहत देते हुए 2019-20 के अंतरिम बजट में बैंक व डाक घर में जमा राशि पर टीडीएस (स्रोत से आय पर कर कटौती) की सीमा बढ़ाकर 40,000 रुपये कर दी गई है। बजट पेश करते हुए वित्तमंत्री पीयूष गोयल ने घोषणा की कि किराए की आय पर टीडीएस सीमा 1.8 लाख रुपये से बढ़ाकर 2.4 लाख रुपये कर दी गई है। इससे पहले ब्याज से प्राप्त आय पर टीडीएस में छूट की सीमा 10,000 रुपये थी।





# 24 फरवरी को Huawei के फोल्डेबल 5 जी स्मार्टफोन से उठेगा पर्दा

नई दिल्ली। हैंडसेट निर्माता कंपनी Huawei पहले ही इस बात को कंफर्म कर चुकी है कि कंपनी 5जी फोल्डेबल स्मार्टफोन पर काम कर रही है।

# Amazon, Flipkart के भारी छूट और कैशबैक पर आज से लगाम

नई दिल्ली। सरकार ने E-Commerce कंपनियों में FDI को लेकर राहत देने से इनकार कर दिया. इससे अमेजन और फ्लिपकार्ट जैसी कंपनियों की उम्मीदों पर पानी फिर गया है. सरकार ने साफ कर दिया है कि इन ई-कॉमर्स कंपनियों को विदेशी निवेश के नियमों का पालन करना ही होगा. सरकार ने पिछले महीने ई-कॉमर्स में विदेशी निवेश के नियमों पर सफाई जारी की थी. सफाई में कहा था कि विदेशी निवेश लेने वाली ई-कॉमर्स कंपनियों को अपने प्लेटफॉर्म यानि वेबसाइट पर अपनी ही ग्रुप की कंपनियों या सहयोगी कंपनियों के सामान बेचने की इजाजत नहीं होगी.




फिलहाल अमेजन और फ्लिपकार्ट जैसी दिग्गज ई-कॉमर्स कंपनियां जो सामान अपनी वेबसाइट पर बेचती हैं उसमें उनकी सहयोगी कंपनियों की ओर से सप्लाई किए जाने वाले प्रोडक्ट भी होते हैं.

# बर्फ की चादर से ढका लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड, इंग्लैंड में एक डिग्री सेल्सियस पहुंचा तापमान



लॉर्ड्स। इंग्लैंड में इन दिनों इतनी ठंड पड़ रही है कि वहां का तापमान एक डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। रस्ते और गलियां तो क्या बड़े बड़े खेल के मैदान भी बर्फ की चादर तले ढक चुके हैं।

मालूम हो कि हाल ही में आईसीसी ने लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड का फोटो सोशल मीडिया पर शेयर किया था और कैप्शन में लिखा- किसी को पता है कि जुलाई में कैसा मौसम होने वाला है।

# बैडमिंटन में भर्ती के लिए ट्रायल पांच फरवरी से

लखनऊ। भारतीय खेल प्राधिकरण की गैर आवासीय योजना के तहत बीबीडी यूपी बैडमिंटन अकादमी स्थित साई एक्सटेंशन सेंटर में सत्र 2019-20 के लिए 10 से 18 आयु वर्ग में भर्ती के लिए ट्रायल पांच से छह फरवरी तक सुबह नौ बजे से आयोजित होंगे। यूपी बैडमिंटन एसोसिएशन के सचिव अरूण कक्कड़ ने बताया कि चयन में राज्य चैंपियनशिप के पदक विजेता के साथ राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ी भी हिस्सा ले सकते है। इच्छुक प्रतिभागियों के अपने मूल प्रमाणपत्र के साथ फोटो कापी भी लानी होगी।

# क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के अधिकारियों ने अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम परिसर स्टेडियम का किया निरीक्षण



नई दिल्ली। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (CA) और बीसीसीआई के पांच सदस्यीय दल ने रांची के झारखंड राज्य क्रिकेट संघ के अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम परिसर का निरीक्षण किया. इस दल में सीए के तीन और BCCI के दो सदस्य मौजूद थे.

## आज का राशिफल

<u>मेषः</u> आज आपके तन और मन का स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। खर्च की चिंता से मन अशांत रह सकता है। वाणी पर संयम रखना अतिआवश्यक है। बाहर के खान-पान से बचें। ऑफिस में साथ काम करने वालों से आपको लाभ होगा।

<u>वृषभः</u> शारीरिक व मानसिक रूप से स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। आज किसी भी कार्य को बेहतर रूप से संपन्न करवाने में सहायक होंगे। आपके लिए कार्य के प्रति एकाग्र होना सरल रहेगा। धन लाभ की संभावना हैं। परिजनों के साथ समय सुखपूर्वक बीतेगा।

<u>मिथुनः</u> आज का दिन मिश्रित फलदायी होगा। परिजनों एवं संतान से अनबन हो सकती है। क्रोध और वाणी पर संयन रखें, अन्यथा हानि हो सकती है। स्वास्थ्य बिगड़ सकता है, आंखों में थोड़ी समस्या हो सकती है।

<u>कर्कः</u> आपका दिन आनंद व उल्लास में बीतेगा। व्यापार में लाभ होगा व आय के स्रोत में बढ़ोतरी हो सकती है। मित्रों से हुई मुलाकात से आनंद का अहसास होगा। विवाह के योग अच्छे हैं।

<u>सिंहः</u> आपके आत्मविश्वास से हर कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हो पाएगा। व्यवसाय के क्षेत्र में आपकी प्रतिभा बढ़ सकती है। प्रमोशन की संभावना है। पिता की संपत्ति से लाभ होगा।

<u>कन्याः</u> आज आपका दिन बहुत शुभ है। धार्मिक कार्य एवं यात्रा के लिए समय अनुकूल है। मित्रों एवं संबंधियों से हुई मुलाकात, आनंददायक रहेगी। स्त्री मित्रों से लाभ होगा।

<u>तुलाः</u> ऑपरेशन कराने के लिए आज का दिन अनुकूल नहीं है। खर्च बढ़ जाने से आर्थिक तंगी अनुभव हो सकता है। वाणी और क्रोध पर संयम रखें, अन्यथा हानि हो सकती है। नए संबंध अनिष्टकारक हो सकते हैं।

<u>वृश्चिकः</u> आज आप सामान्य दैनिक कार्यों को भुलाकर आमोद-प्रमोद में खोए रह सकते हैं। किसी मनोरंजन स्थल या पर्यटन स्थल पर जाने से मन प्रसन्न होगा। समाज में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

<u>धनुः</u> आज का दिन आपके लिए हर्षोल्लास का रहेगा। परिवार में आनंद का वातावरण रहेगा, जिससे आपका मन प्रफुल्लित रहेगा। आपका शारीरिक स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा।

<u>मकरः</u> आज का दिन मध्यम फलदायी होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। ऑफिस में अधिकारियों की नाराजगी का सामना करना पड़ सकता है। संतान के साथ मतभेद होने की आशंका है।

<u>कुंभः</u> आज आपका मन बहुत संवेदनशील रहेगा। विद्यार्थियों के लिए आज का दिन अच्छा है। आज के आयोजित हर कार्य अच्छी तरह से संपन्न होंगे।

<u>मीनः</u> आज का दिन अति उत्तम है। आपकी सृजनात्मक शक्ति यों में वृद्धि होगी। वैचारिक दृढ़ता एवं मानसिक स्थिरता के कारण कार्यसफलता में सरलता होगी। जीवन साथी का पूर्ण सहयोग मिलेगा।

## समोसा पफ बनाने की विधि



सर्दियों के मौसम में चटपटी चीजे खाने का सभी का मन करता है लेकिन कई बार हमसे स्वादिष्ठ नहीं बन पाता तो आइए आज हम बताते है इनके बारे में।

<u>सामग्री</u> :2 पफ पेस्ट्री शीट, 1.5 टेबलस्पून एवॉकाडो ऑयल, ड टीस्पून जीरा, ड टीस्पून सौंफ, 1 टीस्पून साबुत धनिया, 1 बारीक कटी हरी मिर्च, चुटकी भर हींग, 2 उबले आलू, द कप उबली मटर, 1 टीस्पून धनिया पाउडर, ड्ड टीस्पून अमचूर, द टीस्पून लाल मिर्च, नमक-स्वादानुसार

<u>बनाने की विधि :</u> हम सबसे पहले फ्राइंग पैन में ऑयल डालें। इसमें सारी चीज़ें डालकर भूनें, मैश करें। पेस्ट्री शीट के बीच में स्टफिंग भरे। किनारे पर पानी लगाएं।अब ऊपर से दूसरी पेस्ट्री शीट से कवर कर फोक से किनारे दबा दें। 200 डिग्री प्रीहीटेड अवन में इसे 20 मिनट के लिए रखकर बेक करें।

## शब्द सामर्थ्य-66

**बाएं से दाएं :**
1. लज्जत, जायका 2. मुकाबला, भेंट, होड़ 5. बंदी, कैद की सजा पाने वाला व्यक्ति 7. खल-पात्र, नाटक फिल्म आदि का बुरा पात्र 9. कामी, व्याभिचारी 10. इज्जत जाना, बेइज्जती होना (उपमा)11. ऊटपटांग, विचित्र, कठिन 13. वैभव, ठाट-बाट 14. साथ, सहित 15. कामदेव की पत्नी, प्रेम 16. मैं का बहुवचन 17. दरवाजे-दरवाजे 20. एक राशि, मगर 22. नमी, सीड़, मुहर, ठप्पा 23. औषधालय, चिकित्सालय।

**ऊपर से नीचे**
1. आत्मनिर्भर, स्वालंबन भावना से युक्त, स्वाश्रित 2. वर्ष, बरस 3. राजी करना, रूठे हुए को खुश करना, प्रसन्न करना 4. नाटक फिल्म आदि का मुख्यपात्र 6. दीवानगी, पागलपन, 7. दो वस्तुओं के टकराने से उत्पन्न ध्वनि, बैर-विरोध, अनबन 8. खीरे की प्रजाति का एक फल 11. बेवकूफ, मूर्ख 12. बादल, मेघ 13. बहुत चालाक, होशियार 14. जिसका मत दूसरे से मिलता हो, 15. दांत, दंत 18. प्राप्ति, वस्तु आदि मिलने का प्रमाण पत्र 19. दंगा-फसाद, उपद्रव विप्लव 21. बचाव, सुरक्षा।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | 3 | 4 | ■ | 5 | 6 |
| | ■ | 7 | | | | 8 | ■ | |
| 9 | | | ■ | 10 | | | | |
| | ■ | | ■ | ■ | ■ | 12 | ■ | |
| ■ | 11 | | 12 | | ■ | ■ | 13 | |
| 14 | | ■ | | ■ | ■ | 15 | | ■ |
| 16 | | ■ | 17 | 18 | 19 | | | ■ |
| 20 | | 21 | ■ | 22 | | ■ | ■ | ■ |
| | ■ | | ■ | 23 | | | | ■ |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 65 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | ल | त | ■ | ■ | ■ | खा | म | खाँ |
| णे | ■ | ल | ■ | झ | प | की | ■ | ■ |
| श | र | ब | त | ■ | रं | ■ | ■ | मि |
| ■ | ज | गा | ना | ■ | प | रा | का | ष्ठा |
| ■ | नी | र | ■ | वि | रा | ज | मा | न |
| ना | च | ■ | ■ | प | ■ | ■ | य | ■ |
| म | र | णा | स | न्न | ■ | पा | नी | ■ |
| ची | ■ | ■ | प | ■ | पा | ■ | ■ | भो |
| न | ज | रा | ना | ■ | स | मा | चा | र |

## सू-दोकू-66

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.65 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |